University in News on 16 September 2023

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : कैंपस प्लेसमेंट में 10 सफल

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संकाय के दस छात्र-छात्राओं का चयन कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से हुआ है। सभी हाइक एजुकेशन कंपनी में बिजनेस डेवलपमेंट के पद पर सेवा देंगे। इन्हें औसतन सात लाख रुपये का वार्षिक पैकेज मिलेगा। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि सफल मेधावियों में राहुल सिंह, कुणाल, श्रेया मिश्रा, प्रियांशी राय, अक्षिता सिंह, अहद अली, पूजा, कार्तिकेय पांडेय, आयुषी त्रिपाठी व हृदयेश सिंह शामिल हैं। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इन्हें शुभकामनाएं दी हैं। (संवाद)

गौरव स्थल का लोकार्पण करेंगी राज्यपाल

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय को सौ वर्ष से अधिक पुराने संस्थान का गौरव प्राप्त होने के चलते यहां के गेट संख्या दो पर बने गौरव स्थल (सेल्फी पॉइंट) का लोकार्पण रविवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। रजिस्ट्रार विनोद कुमार सिंह ने शुक्रवार को पत्र जारी करते हुए इसकी सूचना दी। (संवाद)

एडिशनल व असिस्टेंट डीएसडब्ल्यू नामित

लखनऊ। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने विवि में एडिशनल व असिस्टेंट डीएसडब्ल्यू नामित कर दिए। चार शिक्षकों को एडिशनल डीएसडब्ल्यू व 17 को असिस्टेंट डीएसडब्ल्यू बनाया गया है। (संवाद)

i-NEXT PAGE 4

इंटीग्रेटेड डिग्री बढ़ाएगी प्रोफेशनल अप्रोच

एलयू ने अपने कैंपस में स्टूडेंट्स को इंटीग्रेटेड एमटेक की डिग्री देने का किया फैसला

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (15 Sep): नई शिक्षा नीति के तहत शहर की यूनिवर्सिटीज में चल रहे कोर्सेज में कई तरह के बदलाव हो रहे हैं. इसी कड़ी में गुरुवार को लखनऊ यूनिवर्सिटी ने भी इंटीग्रेटेड एमटेक की डिग्री का फैसला लिया गया. इस फैसले के तहत एक साल से इंटीग्रेटेड एमटेक की डिग्री भी मिल सकेगी. इसके लिए बीटेक करने वाले स्टूडेंट्स को तीसरे साल में विकल्प देना होगा, बीटेक में 7.5 या उससे ऊपर सीजीपीए पाने वाले कैंडीडेट इसके लिए पात्र माने जाएंगे. इस कोर्स के तहत भी स्टूडेंट्स को मल्टीपल एंट्री व एग्जिट मिलेगी.

CONCEPT PIC

आसान होगी पढ़ाई

इंटीग्रेटेड डिग्री को शिक्षाविद भविष्य के तौर पर एक अच्छे विकल्प के तौर पर देख रहे हैं. उनका मानना है कि इस तरह के मल्टीपल एंट्री व एग्जिट से पढ़ाई स्टूडेंट्स के लिए आसान होगी. एजुकेशनिस्ट प्रो. विवेक मिश्रा का कहना है कि नई शिक्षा नीति के तहत एलयू समेत कई यूनिवर्सिटी कई बदलाव कर रही हैं. उनका कहना है कि इन डिग्री प्रोग्राम्स से स्टूडेंट्स को कई तरह के फायदे मिलते हैं. एक तरफ स्टूडेंट्स को बार-बार भटकना नहीं पड़ता है. इनका कोर्स डिजाइन ऐसा होता है कि स्टूडेंट्स का प्रोफेशनल डिवेलपमेंट बेहतर तरीके से होता है. इसके अलावा बीटेक में एडमिशन लेने के बाद वहीं से एमटेक करने में भी स्टूडेंट्स को आसानी होती है. उनकी ग्रोथ भी बेहतर होती है और कैम्पस नोन होने की वजह से उनको दूसरे तरह की परेशानियां भी नहीं होती हैं.

कोर्स पूरा करने पर बीटेक विद रिसर्च की डिग्री

एनईपी लागू होने से बीटेक स्टूडेंट्स को कई तरह के फायदे होते हैं. जैसे अगर स्टूडेंट पहले साल में कोर्स छोड़ता है तो उसे सर्टिफिकेट देने की व्यवस्था की गई है. दूसरे साल में छोड़ने पर डिप्लोमा और तीसरे साल में एडवांस डिप्लोमा और बीटेक की डिग्री पूरी करने पर बीटेक विद रिसर्च की डिग्री मिलेगी. इसके साथ ही स्टूडेंट एक साल के पीजी कोर्स के लिए भी अप्लीकेबल हो जाएगा.

एलयू में धूमधाम से सेलिब्रेट किया गया इंजीनियर्स डे

LUCKNOW (15 Sep): लखनऊ यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग व टेक्नोलॉजी संकाय में आईईटीई, लखनऊ सेंटर के सहयोग से इंजीनियर्स डे मनाया गया. इस दौरान डीन प्रो. एके सिंह ने मुख्य अथिति डॉ. वीके सिंह व मुख्य वक्ता इंजीनियर मिलिंद राज, अरुण कुमार सिंह (अध्यक्ष, आईईटीई) व यतीश कठेरिया को गुलदस्ता देकर कार्यक्रम की शुरुआत की. समारोह के मुख्य अथिति बीकानेर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. वीके सिंह ने कहा कि आज के आधुनिक युग में एक अभियंता की भूमिका हमारे समाज के लिए महत्वपूर्ण है. भारत के ड्रोन मैन इंजीनियर, मिलिंद राज ने स्टार्टअप सिनर्जी ऑफमॉडर्न एरा ऑफ एआई पर चर्चा की. उन्होंने स्टार्टअप्स वर्तमान समय में अभियांत्रिकी जगत की मूल आवश्यकता पर बात की. विवि के स्टूडेंट्स ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, गायन, वादन का आयोजन किया.

AMRIT VICHAR PAGE 4

स्टार्टअप्स अभियांत्रिकी जगत की आवश्यकता

इंजीनियर्स डे पर आयोजित गोष्ठी में उपस्थित अतिथि। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : स्टार्टअप्स वर्तमान में अभियांत्रिकी जगत की मूल आवश्यकता है। आधुनिक युग में एक अभियंता की भूमिका हमारे समाज के लिए महत्वपूर्ण है।

उक्त बात बीकानेर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. वीके सिंह और इंजीनियर मिलिंद राज ने लखनऊ विश्वविद्यालय में इंजीनियर्स डे के अवसर पर कही। देश के ड्रोन मैन कहे जाने वाले इंजीनियर मिलिंद राज ने स्टार्टअप सिनर्जी ऑफ मॉडर्न एरा ऑफ एआई पर अपने विचार रखे। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक डॉ. मनोज कुमार जैन, अरुण कुमार सिंह, यतीश कठेरिया आदि मौजूद रहे।

प्लेसमेंट ड्राइव में 10 छात्र छात्राओं का हुआ चयन

अमृत विचार , लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल की ओर से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 10 छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट हाइक एजुकेशन कंपनी में हुआ। प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि बीटेक के 8 छात्रों राहुल सिंह, कुणाल सिंह, श्रेया मिश्रा, प्रियांशी राय, अक्षिता सिंह, अहद अली, पूजा और कार्तिकेय पांडेय का चयन बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर के पद पर 6 .42 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर तथा एमबीए के 02 छात्रों हृदेश सिंह और आयुषी त्रिपाठी का चयन बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर के पद पर 7 .02 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ।

JAGRAN CITY PAGE III

लवि में शुरू होगी रत्न विज्ञान की पढ़ाई

2015 से 2019 तक चला था यह कोर्स, विशेषज्ञ न मिलने से बंद हो गया था

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के भू विज्ञान विभाग में फिर से बीवोक रत्न विज्ञान (जेमोलाजी) कोर्स की पढ़ाई शुरू होगी। इसमें विद्यार्थी असली-नकली रत्नों की पहचान से लेकर इनका प्रयोग, प्रकार आदि के बारे में जानेंगे। वर्ष 2015 से 2019 तक यह कोर्स संचालित हुआ, लेकिन पूर्व कुलपति की ओर से इस कोर्स के लिए बाहरी विशेषज्ञों को बुलाने की अनुमति न मिलने की वजह से इसे बंद करना पड़ा। अब फिर से इसे शुरू करने पर एकेडमिक काउंसिल की बैठक में मंजूरी मिल गई है।

विज्ञान संकाय के अध्यक्ष प्रोफेसर विभूति राय ने बताया कि बीवोक रत्न विज्ञान (जेमोलाजी) कोर्स विद्यार्थियों के लिए उपयोगी होगा। इसमें रत्नों के बारे में जानने के बाद वह अपना रोजगार भी शुरू कर सकते हैं।

बदला गया नाम : केमिस्ट्री में फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री का नाम बदलकर एम.एससी केमिस्ट्री सेल्फ फाइनेंस कर दिया गया है। वहीं, फैकल्टी बोर्ड में एम.एससी मास कम्युनिकेशन साइंस एंड टेक्नोलाजी तथा पीजी डिप्लोमा साइबर सिक्योरिटी बंद करने पर सहमति बनी है।

इंडियन नालेज सिस्टम के बारे में पढ़ेंगे विद्यार्थी : विज्ञान संकाय के विभाग में पढ़ाए जाने वाले को-करिकुलर और वोकेशनल कोर्सों को भी मंजूरी मिल गई है। इसके तहत भौतिक विज्ञान विभाग को-करिकुलर के तहत बी.एससी पहले सेमेस्टर में इफेक्टिव साइंस एंड कम्युनिकेशन तथा तीसरे सेमेस्टर में इंडियन नालेज सिस्टम के बारे में पढ़ाएगा। सांख्यिकी विभाग पहले सेमेस्टर में साइंस आफ हैप्पीनेस एंड वेलबींग तथा तीसरे सेमेस्टर में इंटरव्यू प्रेपरेशन एंड प्लानिंग के तरीके बताएगा।

व्यक्तित्व विकास और पर्यावरण भी कोर्स में शामिल : गृह विज्ञान प्रथम सेमेस्टर में विद्यार्थी पर्यावरण और समाज तथा तीसरे सेमेस्टर में व्यक्तित्व विकास के बारे में को-करिकुलर में पढ़ सकेंगे। वहीं, जंतु विज्ञान विभाग तीसरे सेमेस्टर में फूड न्यूट्रिशन एंड हेल्थ प्रैक्टिस पढ़ाएगा। बायो केमिस्ट्री विभाग ने पहली बार बी.एससी में को-करिकुलर बायो केमिस्ट्री एंड बीयांड पेपर-1 व 2 तैयार किया गया है। भू-विज्ञान प्रथम सेमेस्टर में भारतीय भू आकृतियां तथा तीसरे सेमेस्टर में प्लेनेटरी जियोसाइंस के विषय में बताया जाएगा।

परीक्षाओं के लिए शिक्षकों का विवरण मांगा : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सभी सहयुक्त महाविद्यालयों से आंतरिक, मौखिक, प्रयोगात्मक आदि परीक्षाओं से संबंधित परीक्षकों के लिए कालेजों के शिक्षकों का विवरण ई-मेल coe@lkouniv.ac.in या परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में देने के लिए कहा है। परीक्षा विभाग की ओर से इस संबंध में प्राचार्यों को पत्र भेजा गया है। इसमें राजकीय, एडेड कालेज में कार्यरत नियमित शिक्षकों के विभाग, विषय (विशेषज्ञता सहित) नाम, मोबाइल, ईमेल, स्ववित्तपोषित कालेजों में तीन वर्षों या अधिक समय से कार्यरत अनुमोदित शिक्षकों के विभाग, विषय, नाम, मोबाइल नंबर, ई-मेल, छह माह का वेतन विवरण, अनुमोदन पत्र एवं प्राचार्य की ओर से जारी अनुभव प्रमाण पत्र देना होगा। इसके लिए 23 सितंबर तक का समय दिया गया है।

बी.टेक, बी.फार्मा, एमसीए की काउंसिलिंग आज से

लखनऊ विश्वविद्यालय में बी.टेक, बी.फार्मा व एमसीए पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आफलाइन काउंसिलिंग शनिवार से शुरू होगी। अभ्यर्थियों को जानकीपुरम स्थित द्वितीय परिसर में निर्धारित समय से पहुंचना होगा। लवि इस बार एकेटीयू के बिना ही सीधे मेरिट से बी.टेक, बी.फार्मा व एमसीए पाठ्यक्रम में दाखिले ले रहा है। मेरिट और कटआफ के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों को सुबह नौ बजे से इंजीनियरिंग संकाय में रिपोर्ट करना होगा। काउंसिलिंग स्थल पर भी आनलाइन माध्यम से फीस जमा करने की सुविधा भी रहेगी। प्रवेश सेल के अनुसार जो तुरंत फीस जमा करेंगे, उनको अपग्रेडेशन का लाभ वहीं पर मिलेगा। प्रतीक्षा सूची वाले अभ्यर्थियों को भी समय से पहुंचना होगा। खाली सीटों के सापेक्ष प्रमाण पत्रों की जांच के बाद उसी दिन प्रवेश दिया जाएगा।

परास्नातक कोर्सों में अब सीधे प्रवेश का मौका

डा. शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय के परास्नातक कोर्सों में भी दाखिले की स्थिति अच्छी नहीं है। कई बार मेरिट जारी किए जाने के बाद भी पाठ्यक्रमों में सीटों के सापेक्ष कम दाखिले हुए हैं। ऐसे में विश्वविद्यालय प्रशासन ने सीधे दाखिले का मौका दे दिया है। अभ्यर्थी 20 सितंबर तक आनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण करके प्रवेश ले सकते हैं।विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी प्रोफेसर यशवंत वीरोदय ने बताया कि एम.एससी फिजिक्स, एम.एससी केमिस्ट्री, एम.एससी साख्यिकी, एम.एससी माइक्रोबायोलाजी, एम.एससी इंफार्मेशन टेक्नोलाजी, एम.सीए, एम.टेक, एम.काम और एम.एड स्पेशल एजुकेशन (एचआइ) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पोर्टल फिर से खोला गया है। अभ्यर्थी पंजीकरण कराकर संबंधित विभाग में अभिलेखों के साथ आकर प्रवेश ले सकते हैं।

नगर की अन्य महत्वपूर्ण खबरें www.jagran.com पर पढ़ें

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लवि में मनाया गया इंजीनियर्स डे

लखनऊ : लवि के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में शुक्रवार को आइईटीई लखनऊ सेंटर के सहयोग से इंजीनियर्स डे मनाया गया। मुख्य अथिति बीकानेर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डा. वीके सिंह व मुख्य वक्ता मिलिंद राज, अरुण कुमार सिंह एवं यतीश कठेरिया उपस्थित रहे। भारत के "ड्रोन मैन" कहे जाने वाले इंजीनियर मिलिंद राज ने "स्टार्टअप सिनर्जी आफ मार्डन एरा आफ एआइ" पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने नृत्य , गायन , वादन प्रस्तुत किया। (जासं)

10 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 10 छात्र-छात्राओं का चयन हाइक एजुकेशन कंपनी में हुआ है। प्लेसमेंट प्रभारी डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि बी.टेक के राहुल सिंह, कुणाल सिंह, श्रेया मिश्रा, प्रियांशी राय, अक्षिता सिंह, अहद अली, पूजा और कार्तिकेय पांडेय का चयन बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर के पद पर 6 .42 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ है। वहीं, एम.बीए के हृदेश सिंह और आयुषी त्रिपाठी का चयन इसी पद पर 7 .02 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ। प्लेसमेंट ड्राइव का संचालन ओपी सिंह, गौरव श्रीवास्तव एवं प्रशांत सिंह की ओर से किया गया। (जासं)

गौरव स्थल का लोकार्पण कल

लखनऊ : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल 17 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर लखनऊ विश्वविद्यालय के गेट नंबर दो के पास बनाए गए गौरव स्थल का लोकार्पण करेंगी। इसकी तैयारी तेजी से चल रही है। प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि गौरव स्थल पर विश्वविद्यालय का लोगो लगाया गया है। यह स्थान विश्वविद्यालय आने वालों को आकर्षित करेगा। इस अवसर पर विद्यार्थियों को टैबलेट एवं मोबाइल वितरण के साथ-साथ निराश्रित बच्चों एवं संरक्षकों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

डीएसडब्ल्यू की नई टीम बनी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) की नई टीम बन गई है। इनमें चार अतिरिक्त अधिष्ठाता छात्र कल्याण और 17 सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण शामिल हैं। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने इसका आदेश जारी कर दिया है।

पीएम के जन्मदिवस पर होगा गौरव स्थल का उद्घाटन

लखनऊ (एसएनबी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर श्रीमती आनंदीवेन पटेल कुलाधिपति लखनऊ विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में 17 सितंबर (रविवार) को सायं 05:30 से विश्वविद्यालय के गेट-02 पर 52 लाख की लागत से वन रहा गौरव स्थल का लोकार्पण किया जाएगा। सेल्फी पॉइंट के नाम से जाने जाने वाले इलाके को अब गौरव स्थल का नाम दिया गया है, इसके अलावा विश्वविद्यालय के ही एपी सेन हाल में निराश्रित बच्चों एवं संरक्षकों का प्रोत्साहन के साथ ही विद्यार्थियों में टैबलेट एवं मोबाइल वितरण किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर पिछले तीन-चार दिनों से तैयारियां तेज कर दी गई है, आनन-फानन में सीढ़ियां और आसपास की ग्रिल को नया लगाया जा रहा है, गेट नंबर 2 के वाउंड्री वाल को भी तोड़कर नया वनाया जा रहा है।

एलयू में साइबर सुरक्षा से एमटेक

लखनऊ। एलयू के इंजीनियरिंग संकाय में दो और विषयों में पार्ट टाइम एमटेक पाठ्यक्रम शुरू करने की तैयारी है। इस पर कुलपति ने विद्या परिषद की बैठक में मंजूरी दे दी है।

एलयू में सत्र 2024-25 से दो नए विषयों में पार्ट टाइम एमटेक शुरू करने की योजना है। इसमें कंप्यूटर साइंस स्पेशलाइजेशन इन एआई और कंप्यूटर साइंस स्पेशलाइजेशन इन साइबर सिक्योरिटी शामिल हैं। इन दोनों पाठ्यक्रमों में 20-20 सीटें होंगी। जिनका शुल्क 40 हजार रुपये प्रति सेमेस्टर तय किया गया है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने 12 सितंबर को हुई विद्या परिषद की बैठक में इस पर सहमति प्रदान की है।

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू के 10 छात्रों को मिली नौकरी

लखनऊ। एलयू में इंजीनियरिंग संकाय के 10 विद्यार्थियों का चयन कैंपस प्लेसमेंट के जरिए हुआ है। सभी छात्र-छात्राओं को हाइक एजुकेशन कंपनी ने बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर के पद पर चयनित किया। बीटेक के आठ विद्यार्थियों राहुल, कुणाल, श्रेया, प्रियांशी, अक्षिता, अहद, पूजा और कार्तिकेय पांडेय का प्रतिवर्ष 6 .42 लाख पैकेज पर कैंपस प्लेसमेंट हुआ। वहीं एमबीए के हृदेश और आयुषी त्रिपाठी को सालाना 7 .02 लाख के पैकेज चयनित किया गया है।

एलयू: बीवीए में छठवां सीट आवंटन जारी

लखनऊ। एलयू की पीजी प्रवेश प्रक्रिया के तहत बीवीए या बीएफए में छठवां सीट आवंटन जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थियों को 17 सितंबर तक फीस जमा करनी होगी। अभ्यर्थी अपने लॉग इन आईडी का इस्तेमाल करके सीट अलॉटमेंट देख सकते हैं। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि 17 सितंबर की रात 12 बजे तक फीस जमा करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

LU : 10 स्टूडेंट्स का कैंपस प्लेसमेंट

एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल की ओर से हुई कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 10 स्टूडेंट्स का चयन किया गया है। प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि बीटेक के 8 स्टूडेंट्स राहुल सिंह, कुणाल सिंह, श्रेया मिश्रा, प्रियांशी राय, अक्षिता सिंह, अहद अली, पूजा व कार्तिकेय पांडेय का चयन बिजनेस डिवेलपमेंट मैनेजर के पद पर हुआ है। चयनितों को 6.42 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज मिला है। वहीं एमबीए के 2 स्टूडेंट्स हृदेश सिंह और आयुषी त्रिपाठी का चयन बिजनेस डिवेलपमेंट मैनेजर के पद पर हुआ है। इन्हें 7.2 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज दिया है।

भाषा विवि में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव

आज भी : भाषा विवि में शुक्रवार को शुरू हुई दो दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक कंप्यूटर साइंस, सिविल और मैकेनिकल इंजीनयरिंग, बायोटेक्नालजी, एमसीए, बीसीए, एमबीए, बीबीए, एमकॉम और बीकॉम के छात्रों ने हिस्सा लिया।

विश्वेश्वरैया के योगदान को किया याद

एनबीटी, लखनऊः इंजिनियर भवन रिवर बैंक में इं. विश्वेश्वरैया को याद किया गया। दि इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजिनियर्स की ओर से हुए कार्यक्रम में इंजिनियरों ने परिवार के साथ सहभागिता की। मानद सचिव डॉ. जसवंत सिंह ने बताया कि आधुनिक भारत के निर्माण में इं. एम विश्वेश्वरैया का महत्वपूर्ण योगदान है। वहीं एलयू के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय व आईईटीई लखनऊ सेंटर की ओर से इंजिनियर्स डे मनाया गया।

मोदी के जन्मदिन पर मिलेंगे टैबलेट और मोबाइल

अमृत विचार, लखनऊ: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर लखनऊ विश्वविद्यालय में राज्यपाल छात्रों को टैबलेट और मोबाइल फोन वितरित करेंगी। 17 को राज्यपाल लविवि पहुंचेंगी और गौरव स्थल का लोकार्पण करेंगी। निराश्रित बच्चों और संरक्षकों को प्रोत्साहित करेंगी।

NBT PAGE 6

LU में मूर्तिकला और पेंटिंग सीखने आ रहे विदेशी स्टूडेंट

एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू में मूर्तिकला, पेंटिंग और एप्लाइड आर्ट सीखने के लिए विदेशी स्टूडेंट्स का रुझान बढ़ रहा है। सत्र 2023-24 में अब तक श्रीलंका के चार स्टूडेंट्स प्रवेश ले चुके हैं। ललित कला संकाय के अध्यक्ष डॉ.रतन कुमार ने बताया कि भारतीय पारंपरिक कला को सीखने के लिए विदेशी स्टूडेंट्स प्रवेश ले रहे हैं। आईसीसीआर की फेलोशिप पर कई स्टूडेंट्स ने आवेदन किया है।

4 अतिरिक्त और 17 सहायक डीएसडब्ल्यू बने : एलयू में शुक्रवार को 4 अतिरिक्त और 17 सहायक डीएसडब्ल्यू बनाए गए हैं। अर्थशास्त्र विभाग के प्रो. अशोक कुमार कैथल, सांख्यिकी के प्रो. शशि भूषण, केमिस्ट्री के प्रो. विजय कुमार राय और विधि के डॉ. अभिषेक कुमार तिवारी को अतिरिक्त डीएसडब्ल्यू बनाया गया है। वहीं डॉ. कुसुम यादव, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. मो. अनीस समेत 17 शिक्षकों को सहायक डीएसडब्ल्यू बनाया गया है।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

लविवि का यूजी अध्यादेश हर कदम पर कौशल के लिए विकल्प: प्रो.राय

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय के दिशानिर्देश से लखनऊ विश्वविद्यालय ने हाल ही में अपने यूजी अध्यादेश को संशोधित किया है, जोकि 12 सितंबर को आयोजित विद्या परिषद में पारित हुआ। 2021 में लविवि देश में पहली यूनिवर्सिटी बनी जिसने एनईपी 2020 के दृष्टिकोण को ध्यान रखते हुए चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम एफवाईयूपी की शुरुआत की, जिसमें हर साल प्रवेश और निकास के विकल्प उपलब्ध हैं। जबकि अधिकांश अन्य उच्च शिक्षा संस्थान अब भी स्नातक की शुरुआत पर काम कर रहे हैं। लविवि ने छात्र और शिक्षकों की प्रतिक्रिया एवं दिसंबर 2022 में यूजीसी क्रेडिट व पाठ्यक्रम ढांचा के आधार पर अपने पाठ्यक्रम ढांचा को संशोधित और संरेखित कर लिया है। अपने संशोधित अध्यादेश में विवि ने एक बार फिर छात्रों को अधिक विकल्प प्रदान करने पर ध्यान दिया है, जो उनके रुचियों के विस्तार का विकल्प और कैरियर विकल्पों का परिचय भी देते हैं। नए पाठ्यक्रम और अध्यादेश में इस बात का ख्याल रखा गया है, कि छात्रों के अंदर कौशल विकास पर जोर दिया जाए जहां पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ उनके अंदर नई जिज्ञासा भी विकसित हो जिससे वे देश-दुनिया की समस्याओं का समाधान किताबों में ढूंढने के साथ-साथ समाज में भी करें। उनके अंदर नए कौशल का विकास हो और छात्र क्लासरूम से बाहर भी निकलें। इस उद्देश्य के लिए अकादमिक परिषद में कई नए को-करीकुलर और वोकेशनल पाठ्यक्रमों को संस्तुति मिली है। जिनमें बोन्साई पौध पालन, बागवानी और लैंडस्केपिंग, प्रभावी विज्ञान संवाद, साक्षात्कार तैयारी, भारतीय भूमिरचना विज्ञान, भारतीय ज्ञान प्रणाली और कई अन्य शामिल हैं। छात्र इन पाठ्यक्रमों का चयन अपने प्रारंभिक चार सेमेस्टरों में कर सकेंगे, जिससे उन्हें अधिक बहुआयामी अन्तरविधा विकास मिलेगा। उन छात्रों के लिए जो अपने चयनित मुख्य विषय में भविष्य के करियर के लिए कौशल विकास के लिए अधिक स्वतंत्रता चाहते हैं, इस अध्यादेश में यह विकल्प दिया गया है। सेमेस्टर 5 के छात्रों को एक प्रमुख मुख्य विषय का चयन करने का विकल्प प्रदान किया जाएगा। यह पहले 4 सेमेस्टरों में पढ़े गए 2 मुख्य विषयओं में से एक होगा। यह चयन की स्वतंत्रता उन्हें 4 सेमेस्टर तक दो विषयों का अनुभव करने के बाद दी गई है। इस चयन के बाद, छात्रों को सेमेस्टर 5 में अपने प्रमुख मुख्य विषय में 4-6 सप्ताह की इंटर्नशिप या एक टर्म पेपर या माइनर प्रोजेक्ट करने का प्रावधान किया गया है। इंटर्नशिप का विकल्प छात्रों को अपने प्रमुख विषय में वास्तविक दुनिया का अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है जो न केवल रुचि हासिल करने में मदद करेगा, बल्कि नौकरी की खोज के दौरान छात्रों को एक अतिरिक्त लाभ भी प्रदान करेगा। शैक्षिक क्षेत्रों में करियर बनाने के इच्छुक छात्र इंटर्नशिप की जगह टर्म पेपर या माइनर प्रोजेक्ट्स का चयन कर सकते हैं।



इंजीनियर्स डे पर हुआ भव्य आयोजन

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में आईईटीई, लखनऊ सेंटर के सहयोग से इंजीनियर्स डे मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रो. एके सिंह डीन, एफओईटी द्वारा मुख्य अथिति डॉ.वीके सिंह व मुख्य वक्ता इंजीनियर मिलिंद राज, अरुण कुमार सिंह अध्यक्ष, आईईटीई एवं यतीश कठेरिया सीक्रेटरी, आईईटीई को गुलदस्ता देकर, दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुई। समारोह के मुख्य अथिति बीकानेर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. वीके सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि कैसे आज के आधुनिक युग में एक अभियंता की भूमिका हमारे समाज के लिए महत्वपूर्ण है। इस मौके पर भारत के ड्रोनमैन कहे जाने वाले इंजीनियर, मिलिंद राज, मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे। उन्होंने स्टार्टअप सिनर्जी ऑफ़ मॉडर्न एरा ऑफ़ एआई पर अपने विचार रखे और इस बात पर प्रकाश डाला कि स्टार्टअप्स वर्तमान समय में अभियांत्रिकी जगत की मूल आवश्यकता है। वहीं, विवि के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में नृत्य, गायन और वादन आदि ने आयोजन को और भी मंत्रमुग्धता व जीवंतता से सराबोर कर दिया।

लविवि के छात्र-छात्राओं का कैंपस प्लेसमेंट

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। लविवि के अभियांत्रिकी व तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल ने कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। जिसमें 10 छात्र-छात्राओं का चयन हाइक एजुकेशन कंपनी में हुआ। इस मौके पर प्लेसमेंट प्रभारी डॉ.हिमांशु पांडेय ने बताया कि बीटेक के 08 छात्रों में राहुल सिंह, कुणाल सिंह, श्रेया मिश्रा, प्रियांशी राय, अक्षिता सिंह, अहद अली, पूजा और कार्तिकेय पांडेय का चयन बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर के पद पर 6.42 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर तथा एमबीए के 02 छात्रों में हृदेश सिंह और आयुषी त्रिपाठी का चयन बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर के पद पर 7.02 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ। प्लेसमेंट ड्राइव का संचालन इंजी. ओपी सिंह, इंजी. गौरव श्रीवास्तव और इंजी. प्रशांत सिंह द्वारा किया गया। लविवि के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय एवं संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी तथा एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।

LOKSATYA PAGE 3

एलयू में प्लेसमेंट ड्राइव में 10 बच्चे सलेक्ट

लखनऊ, लोकसत्य

लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल की और से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 10 स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट हाइक एजुकेशन कंपनी में प्लेसमेंट हुआ।

प्लेसमेंट प्रभारी डॉ हिमांशु पांडेय ने बताया कि बीटेक के 8 स्टूडेंट्स राहुल सिंह, कुणाल सिंह, श्रेया मिश्रा, प्रियांशी राय, अक्षिता सिंह, अहद अली, पूजा और कार्तिकेय पांडेय का चयन बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर के पद पर 6.42 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर व एमबीए के 2 स्टूडेंट्स हृदेश सिंह और आयुषी त्रिपाठी का चयन बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर के पद पर 7.2 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ। प्लेसमेंट ड्राइव का संचालन इंजीनियर ओपी सिंह, गौरव श्रीवास्तव, प्रशांत सिंह द्वारा किया गया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने चयनित स्टूडेंट्स को बधाई दी। - एलयू के अभियांत्रिकी व तकनीकी संकाय में इंजीनियर्स डे का आयोजनएलयू के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में आईईटीई, लखनऊ सेंटर के सहयोग से इंजीनियर्स डे मनाया गया। शुभारम्भ डीन एफओटी प्रो. एके सिंह व डॉ. वी. के. सिंह व मुख्य वक्ता इंजीनियर मिलिंद राज, अध्यक्ष, आईईटीई अरुण कुमार सिंह, सीक्रेटरी, आईईटीई यतीश कठेरिया मौजूद रहे। मुख्य अतिथि बीकानेर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. वीके सिंह ने बताया कि कैसे आज के आधुनिक युग में एक अभियंता की भूमिका हमारे समाज के लिए महत्वपूर्ण है। ड्रोन मैन कहे जाने वाले इंजीनियर मिलिंद राज ने बतौर मुख्य वक्ता स्टार्टअप सिनर्जी ऑफ़ मॉडर्न एरा ऑफ़ एआई पर बताया कि स्टार्टअप्स वर्तमान समय में अभियांत्रिकी जगत की मूल जरूरत है। स्टूडेंटस ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर प्रभावित किया